**दिनांक : 27/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले आस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्री।
- ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के प्रयास होंगे, कहा-केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने।
- भोपाल में आज होगा जल संरक्षण पर केन्द्रीत सदानीरा समागम का शुभारंभ।
- आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रा◌ॅयल्स के बीच मुकाबला।

प्रधानमंत्री-जापान-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस दौरान रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सुनिश्चित करने जैसे क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विस्तार पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री से जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने भी मुलाकात की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि की।

विश्व योगासन चैंपियनशिप

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के भारत के दावे को ध्यान में रखते हुए योगासन को भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में शामिल करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। डॉ० मांडविया ने कल नई दिल्ली में कहा कि अहमदाबाद में चार से आठ जून तक पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। यह देश की पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि योगासन देश की सॉफ्टपावर को दर्शाता है और विश्व भर में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने का एक माध्यम बनकर उभरा है।

शिप्रा तीर्थ परिक्रमा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जन आंदोलन बन गया है। जनता की सहभागिता से जल संरक्षण में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य बन गया है। डॉ.यादव कल उज्जैन में शिप्रा तट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन समारोह में माँ शिप्रा को 351 फीट की चुनरी अर्पित करने के उपरान्त जनसभाको संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के बैंड ने रामघाट पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य अतिथियों के साथ अंतर्जली यात्रा, श्री शिप्रा महिमा और यह है मोहन की सरकार पुस्तकों का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी सिंहस्थ के दौरान शिप्रा नदी के घाट पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल की उपलब्धता आयोजन को पावन बनाएगी। श्रद्धालुओं की आकांक्षा को पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार ने आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं।

पर्यावारण, जलवायु - सम्मेलन

पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली और जलवायु अनुकूल शहरी विकास पर केन्द्रीत राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आगामी 30 और 31 मई को भोपाल के पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संस्थान एपको परिसर में किया जाएगा। सम्मेलन में जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और शहरी विकास के संबंध में विषय विशेषज्ञ अपने विचार प्रकट करेंगे।

"सदानीरा समागम"

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आज भारत भवन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक उत्सव "सदानीरा समागम" का शुभारंभ करेंगे। वीर भारत न्यास द्वारा जल संरक्षण, भारतीय संस्कृति, पंचमहाभूतों तथा सतत विकास के विषयों पर केंद्रित यह गरिमामयी आयोजन 2 जून तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के विद्वान, पर्यावरण विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, नीति-निर्माता और कलाकार सहभागिता करेंगे। इस सात दिवसीय समागम में भारतीय दर्शन के पंचमहाभूत-जल, पृथ्वी, वायु, आकाश और अग्नि-पर आधारित विभिन्न वैचारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

महिला वित्त एवं विकास निगम-बैठक

महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कल मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम की बैठक हुई। बैठक में महिला रोजगार, कौशल विकास और संस्थागत सुधारों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मंत्री सुश्री भूरिया ने निर्देश दिए कि महिला वित्त एवं विकास निगम को प्रदेश की महिला वर्क-फोर्स तैयार करने वाली प्रमुख संस्था के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए निगम एक व्यापक ऑनलाइन पोर्टल तैयार करेगा, जिसमें महिलाओं की कौशल दक्षता का परीक्षण कर उन्हें कुशल, अर्द्ध-कुशल और अकुशल श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा।

आईटी ट्रेनिंग हॉल-लोकार्पण

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन ने भोपाल स्थित वन भवन में अत्याधुनिक आईटी ट्रेनिंग हॉल का लोकार्पण किया। आईटी ट्रेनिंग हॉल के माध्यम से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल तकनीकों, ई-गवर्नेंस प्रणाली और आधुनिक सॉफ्टवेयर आधारित कार्यप्रणालियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे विभागीय कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और त्वरित निर्णय प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी।

पी.एम. मित्र पार्क-धार

धार जिले में विकसित किए जा रहे पी.एम. मित्र पार्क के अंतर्गत प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का कार्य संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ निरंतर प्रगति पर है। परियोजना से प्रभावित कुल 89 परिवारों में से अब तक 48 परिवारों को दो चरणों में 24-24 परिवारों के समूह के रूप में सफलतापूर्वक नवीन आवासीय कॉलोनी में स्थानांतरित किया जा चुका है, जबकि शेष 41 परिवारों का पुनर्वास आगामी 3 माह में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आईपीएल

आईपीएल प्रतियोगिता में दूसरा क्वालीफायर मुकाबला आज सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच शाम साढ़े सात बजे न्यू चंडीगढ़ खेला जाएगा।

इसके पूर्व कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को पहले क्वालीफायर मुकाबले में 92 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कल पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- झाबुआ मे संभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने ग्रामीण क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर 29 नमूने जांच के लिए हैं।
- आगरमालवा में कल आयोजित हुई जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर प्रीति यादव ने ईद एवं मोहर्रम पर्व शांति सौहार्द्र से मनाने की अपील की है।
- भोपाल में संभावित हवाई हमले और बड़े आपदा हालात से निपटने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय आवास परिसर में मॉक ड्रिल की गई।
- शिवपुरी में आज शासकीय आईटीआई झाँसी रोड में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- बालाघाट में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टों का वितरण करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- डिंडौरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कल सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

------------